# II – PRE BOARD EXAMINATION : 2025-26

## CLASS : X (ICSE)

## HINDI

*Time Allowed: 3 hours*

*Maximum Marks: 80*

*Answer to this paper must be writen on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*This paper consist of two sections Section -'A' and Section - 'B'.*

*Attempt all the questions from Section-'A'.*

*Attempt any four questions from Section 'B'. One question from each of the two book you have studied and any other two questions from the same Section.*

*The intended marks for questions or parts of qeustions are given in brackets [ ].*

---

### SECTION – A [40 Marks]

**(Attempt all questions from this section.)**

Question 1 [15]

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics.

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए–

(i) मानवीय समाज में साहित्य का बड़ा महत्व है। साहित्य एवं समाज के मध्य सम्बंध बताइए तथा निबंध में साहित्य के समाज पर प्रभाव का वर्णन कीजिए।

(ii) मेट्रो रेल के महत्व को बताते हुए, इसकी आवश्यकता तथा लाभ का वर्णन कीजिए।

(iii) वर्तमान समय में विद्यार्थियों में बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण बताते हुए, विद्यार्थियों हेतु नियमित दिनचर्या तथा अच्छे स्वास्थ्य के महत्व का वर्णन कीजिए।


---

This paper consists of 8 printed pages.

(iv) 'लालच का अंत हमेशा बुरा होता है।' उक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

(v) स्त्री शिक्षा क्यों आवश्यक है? इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कुछ ठोस कदम अथवा योजनाओं का उल्लेख कीजिए।

(vi) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



Question 2 [7]

Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below :

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए–

(i) अपने विद्यालय के अपने प्रिय अध्यापक के गुणों का उल्लेख करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) अपनी कॉलोनी के पार्क की दुरावस्था का वर्णन करते हुए दैनिक हिन्तुस्तान के सम्पादक को पत्र लिखिए।

Question 3

Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िकर उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :–

एक बार महाराज कृष्णदेव राय ने अपने राज्य का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया, उसमें आस–पास के राजाओं को भी आमन्त्रित किया गया। सभी ने उन्हें कीमती उपहार दिए। उपहारों में चार क़ीमती फूलदान भी थे, जो एक राजा ने दिए थे। महाराज को फूलदान इतने अधिक मन भाए कि उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए अलग से एक सेवक तैनात कर दिया और उसे सख्त आदेश दिया कि यदि फूलदानों के रख–रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई या वे टूट गए, तो उसे मृत्यु–दण्ड दिया जाएगा।

वह सेवक दिन–रात उनकी हिफाजत करता था। उन पर धूल भी नहीं लगने देता था, लेकिन बदकिस्मती से एक–दिन अचानक एक फूलदान उसके हाथ से छूटकर टूट गया। खबर सुनते ही महाराज आग–बबूला हो गए और उन्होंने इस लापरवाह सेवक को आठवें दिन फाँसी देने का आदेश दे दिया। तेनालीराम को जब यह पता चला, तो उन्होंने महाराज को समझाने की कोशिश की कि रामसिंह बीस वर्षों से उनकी सेवा में है, उसे इतने मामूली नुकसान का इतना कठोर दण्ड देना उचित नहीं है। महाराज ने उनकी एक न सुनी। वे अपना–सा मुँह लेकर लौट आए, लेकिन उन्होंने उस सेवक की प्राण–रक्षा का संकल्प कर लिया। वे करागार में गए, सेवक से सारी बात की, जानकारी ली और उसके कान में कुछ कहकर चले आए। दिन तेजी से बीते और फाँसी वाला दिन आ गया। उस दिन सभी फाँसी गृह में एकत्रित हुए। महाराज अभी क्रोध में थे और सेवक को फाँसी पर झूलता देखना चाहते थे। सेवक को फाँसी के तख्ते पर चढ़ा दिया गया और जब जल्लादों ने उससे अन्तिम इच्छा पूछी, तो सेवक ने कहा–"मैं बाकी बचे वे फूलदान भी देखना चाहता हूँ, जिनकी वजह से मैं फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ।" महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाए गए।

उसने आव देखा न ताव और उन फूलदानों को जमीन पर पटककर चूर–चूर कर दिया। महाराज के क्रोध की सीमा न रही और उन्होंने गुस्से में तेजी से चिल्लाते हुए पूछा "मूर्ख! ये कीमती फूलदान क्यों तोड़ दिए तुमने–क्या मिला तुम्हें इन्हें तोड़कर?" "तीन निर्दोषों का जीवन महाराज।" वह निर्भीकता से बोला– "जिस प्रकार मैं निर्दोष फूलदान के कारण फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी–न–कभी मेरी तरह तीन और लोग भी फाँसी पर चढ़ाए जा सकते थे। ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं हैं, महाराज!" उसकी बात सुनकर उन्हें तुरन्त आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे। उन्होंने फौरन सेवक की फाँसी स्थगित कर दी।

(i) महाराज कृष्ण देव राय को किसी राज्य के राजा ने क्या कीमती उपहार दिए? [2]

(ii) महाराज द्वारा तैनात किए गए सेवक को क्या आदेश दिया गया तथा उससे क्या शर्त जुड़ी थी? [2]

(iii) सेवक द्वारा एक फूलदान टूट जाने पर महाराज की क्या प्रतिक्रिया थी तथा सेवक के हित में किसने और क्या बात की? [2]

(iv) मृत्युदण्ड के निर्णय को लेकर तेनालीराम की क्या सोच थी? उन्होंने क्या संकल्प लिया? स्पष्ट कीजिए। [2]

(v) सेवक की फाँसी वाले दिन फाँसी गृह में क्या हुआ? स्पष्ट कीजिए। [2]

Question 4

Answer the following according to the instructions given below :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–

(i) 'जटिल' का विलोम शब्द बताइए :– [1]

(क) मामूली (ख) मलिन

(ग) सरल (घ) क्षुद्र

(ii) 'वारिद' के पर्यायवाची बताइए :– [1]

(क) कमल – सरोज (ख) चन्द्रमा – विधु

(ग) बिजली – चपला (घ) बादल – पयोद

(iii) 'परस्पर' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए :– [1]

(क) परस्पर्श (ख) पारस्परिक

(ग) परस्परता (घ) परस्परा

(iv) 'आलस्य' शब्द का विशेषण बताइए :– [1]

(क) आलस (ख) आलसी

(ग) अलसाना (घ) आलसीपन

(v) 'श्रृंगार' शब्द का शुद्ध रूप बताइए :– [1]

(क) शृंगार (ख) सृंगार (ग) शृंगार (घ) श्रंगार

(vi) 'अग्नि परीक्षा देना' मुहावरे का अर्थ बताइए :– [1]

(क) कठोर तप करना (ख) साहसपूर्वक सामना करना

(ग) दृढ़ निश्चय करना (घ) कठिन परिस्थिति में पड़ना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य चुनिए :– [1]

वह सप्रमाण अपनी बात बताएगा।

(वाक्य में 'प्रमाण' शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(क) वह सप्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

(ख) वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

(ग) वह प्रमाण के साथ अपनी बात बताएगा।

(घ) वह सप्रमाण के सहित अपनी बात बताएगा।

(viii) उसका अपराध दंडनीय है। [1]

(वाक्य में 'दंड' शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(क) उसका अपराध दंड के लिए अधिकारी है।

(ख) उसका अपराध दंड के लिए है।

(ग) उसका अपराध दंड के योग्य है।

(घ) उसका अपराध दंड वाला है।

## SECTION-B [40 Marks]

**(Attempt four questions from this section.)**

**साहित्य सागर–संक्षिप्त कहानियाँ**

**(Sahitya Sagar - Short Stories)**

Question 5

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :–

"आज चित्रा को जाना था। अरुणा सवेरे से ही उसका सारा समान ठीक कर रही थी। एक–एक करके चित्रा सबसे मिल आई।"

(i) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार चित्रा को कहाँ जाना था तथा क्यों? [2]

(ii) अरुणा कौन थी? उसके चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। [2]

(iii) चित्रा देर से क्यों आई? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) चित्रा की आँखें किसे ढूँढ़ रही थीं? क्या वह अंत में उसे दिखाई दी? [3]

Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :–

"मैंने स्वीकार कर लिया। ऑफिस में बैठा रहा। थोड़ी देर में भीतर से एक पुरुष के साथ एक सुंदर स्त्री निकली और मैं समझ गया कि मुझे इन्हीं लोगों के साथ जाना होगा।"

(i) ब्रजकिशोर बाबू कौन थे? [2]

(ii) मोहन व मनोरमा कौन थे और वे किसके घर आए थे? [2]

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर बताइए कि 'मैं' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है तथा इसमें कहाँ जाने की बात की है? [3]

(iv) प्रस्तुत पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

Question 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :–

"उसके पितामह किसी समय बड़े धन–धान्य से सम्पन्न थे। गाँव का पक्का तालाब और मन्दिर जिनकी अब मरम्मत भी मुश्किल थी, उन्हीं के कीर्ति स्तम्भ थे।"

(i) प्रस्तुत गद्यांश में 'उसके' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) उसके पितामह ने गाँव में क्या–क्या बनवाया था? [2]

(iii) बेनी माधव सिंह के कितने पुत्र थे? उनके पुत्रों के सन्दर्भ में अपने विचार लिखिए। [3]

(iv) बेनी माधव सिंह के दोनों पुत्रों की शारीरिक विशेषताओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए। [3]

**साहित्य सागर (पद्य–भाग)**

Question 8

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :–

"सात समंद की मसि करौं, लेखनी सब बनराय।
सब धरती कागद करौं, गुरू गुण लिखा न जाए।।"

(i) 'सात समंद' कह कर कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं? [2]

(ii) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। [2]

(iii) 'गुरू गुण लिखा न जाय' कबीरदास जी ने ऐसा क्यों कहा है? [3]

(iv) कबीरदास जी का संक्षिप्त परिचय लिखिए। [3]

Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

"बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।।
जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावत मुनि ज्ञानी।।
जो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी।।
जो सम्पत्ति दस–दस अरप करि, रावन सिव पहँ लीन्हीं।।
सो संपदा–विभीषण कहँ अति सकुच सहित प्रभु दीन्ही।।"

(i) संसार में किसके समान कोई और नहीं और क्यों? [2]

(ii) "जो संपत्ति दस बीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्हीं" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) प्रस्तुत गद्यांश में राम की महिमा का बखान किस प्रकार और क्यों किया गया है? [3]

(iv) कवि की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए। [3]

Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :–

"धर्मराज, यह भूमि किसी की नहीं, क्रीत है दासी।
है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण
बाधा रहित विकास, मुक्त, आशंकाओं से जीवन।"

(i) दासी शब्द से क्या अभिप्राय है? इस शब्द का प्रयोग किसने किसके लिए किया है? [2]

(ii) कवि के अनुसार इस धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं? [2]

(iii) 'सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण' पंक्ति की व्याख्या करते हुए बताइए कि 'मुक्त' शब्द का प्रयोग बार–बार क्यों किया गया है? [3]

(iv) 'स्वर्ग बना सकते हैं' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

#####